Title: Request to order the authorities to make independent the Parbhani Radio Station in Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव : अध्यक्ष महोदय, मैं महाराद्र के परभनी जिले से चुनकर आता हूं। यह क्षेत्र का अत्यन्त महत्व का मामला है। मेरे क्षेत्र परभनी में एक पुराना रेडियो केन्द्र है, उसे अभी तक एक स्वतंत्र रेडियो स्टेशन स्थापित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके लिए मैंने सरकार को चिट्ठी लिखी, सरकार ने निर्देश दिया और परभनी रेडियो केन्द्र के एक स्वतंत्र रेडियो केन्द्र घोाित किया गया। एक मई से स्वतंत्र रेडियो केन्द्र स्थापित होने वाला था, लेकिन लोगों ने स्टे ले लिया।

मेरा आपके माध्यम से इतना ही निवेदन है कि परभनी जिले के रेडियो केन्द्र को स्वतंत्र करने हेतु आप सरकार को निर्देश दें कि हमारे रेडियो केन्द्र को स्वतंत्र नलफ्लेज्ड रेडियो केन्द्र घोाित कर दें। मुम्बई, पुणे, शोलापुर केन्द्र अलग हो गये, महाराद्र के सारे रेडियो केन्द्रों को स्वतंत्र दर्जा अब तक मिल गया है, लेकिन हमारा परभनी ही एक रेडियो केन्द्र है, जिसको अभी तक स्वतंत्र दर्जा नहीं दिया।

MR. SPEAKER: Shri Suresh Ramrao Jadhav, we have already passed the Finance Bill and the Budget.

श्री सुरेश रामराव जाधव : मैं आपके माध्यम से सरकार से इतनी ही विनती करना चाहता हूं कि हमारे परभनी रेडियो केन्द्र को स्वतंत्र दर्जा दिया जाये। â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आज सब को बुलाएंगे।